Title: Need to set up additional L.P.G. outlet at Aara in Bhojpur district, Bihar.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य का भोजपुर जिला राज्य का लगभग २५ लाख आबादी का जिला है। यह बहुत पुराना जिला है, इस जिले का मुख्यालय आरा में है। कई एक शिक्षण संस्थान जैसे कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, जैन महा विद्यालय, महाराजा महाविद्यालय लगभग ८ यहां विद्यालय हैं। न्यायालय कृषि संस्थान, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, रेलवे जंक्शन हैं। यहां भारत प्रसिद्ध जैनियों का तीर्थ स्थल है। इस प्रकार अन्तरराष्ट्रीय स्थल भी है। यह बहुत बड़ा गढ़ है।

परन्तु अभी तक यहां एक ही रसोई गैस एजेंसी है। कोयला लकड़ी जो जलावन के साधन हैं, वह भी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहा है। उक्त रसोई गैस एजेंसी पर रसोई गैस की मांग का भारी दबाव पड़ रहा है। आवाम की परेशानियां काफी बढ़ गई हैं। मांग की अपेक्षा आपूर्ति कम है। लोगो को जलावन का काफी किल्लत है।

अतः मैं जनहित में भारत सरकार के पैट्रोलियम मंत्री जी से मांग करता हूं कि यथाशीघ्र एक और रसोई गैस एजेंसी बहाल करने की कृपा की जाये ताकि आवाम की कठिनाइयां दूर हो सकें।